वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

वेब साईट www.vbspu.ac.in aracademicvbspu@gmail.com

पत्रांक : 1022/ शैक्षणिक / 2021 दिनांक– 28-10-2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
सम्बद्ध महाविद्यालय
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल, विश्वविद्यालय
जौनपुर।

विषय– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ के पत्र दिनांक 5 अक्टूबर 2021 जिसमें अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन (श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग) की अध्यक्षता में दिनांक 27 सितंबर 2021 को वर्चुअल मीटिंग में शैक्षणिक सत्र 2021–22 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में कौशल विकास पर विशेष रुप से ध्यान देने का निर्देश दिया है जिसमें स्थानीय स्तर पर महाविद्यालय को पॉलिटेक्निक, आई0टी0आई, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं स्थानीय उद्योगों के साथ एम0ओ0यू करना आवश्यक है। कृपया अवगत हो कि उक्त के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा अपने पत्र पत्रांक 4849 / शैक्षणिक / 2021 दिनांक 9 सितंबर 2021 के माध्यम से रोजगार परक पाठ्यक्रम के संबंध में समस्त प्राचार्य को उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 142 / सत्तर–3–2021–08(35) / 2020 टी.सी.1 दिनांक 15 जनवरी 2021 एवं शासनादेश संख्या 1969 / सत्तर–3–2021 दिनांक 18 अगस्त 2021 को संलग्न करके आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया था जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है उन पर आप द्वारा अपने स्तर पर कार्ययोजना बनाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना है।

उक्त से आपको पुनः अवगत कराते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध समस्त शासनादेश एवं निर्देशों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा अपने स्तर से गठित क्रियान्वयन समिति की आगामी कार्ययोजना एवं कौशल विकास हेतु एम0ओ0यू समझौता–ज्ञापन करते हुये शासन द्वारा प्रस्तावित प्रारूप भरकर विश्वविद्यालय को ईमेल आईडी nep2020vbspu@gmail.com पर अद्यावधिक स्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।
3. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त विभाग।
4. वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।

5. प्रो0 मानस पाण्डेय, संयोजक, आइ0क्यू0ए0सी0।
6. वेब मास्टर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

7 अधीक्षक सम्बद्धता विभाग को इस आशय से प्रेषित कि कृपया समस्त राजकीय, वित्तपोषित, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की पृथक–पृथक सूची तत्काल अधीक्षक शैक्षणिक को उपलब्ध कराये।

8 अधीक्षक शैक्षणिक को इस आशय से प्रेषित की समस्त राजकीय एवं वित्त पोषित, अनुदानित महाविद्यालयों को पंजीकृत डाक के माध्यम से उक्त पत्र से अवगत कराये एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय को ईमेल के माध्यम से अवगत कराये।

सहायक कुलसचिव
शैक्षणिक